ग्वालियर में 26वां वीरांगना लक्ष्मीबाई बलिदान मेला भव्यता के साथ आयोजित होगा। ग्वालियर में 17 व 18 जून को लक्ष्मीबाई की समाधि के सामने स्थित मैदान में यह मेला लगेगा। इसके लिए मेला के संस्थापक अध्यक्ष व पूर्व मंत्री जयभान सिंह पवैया ने तैयारियों को लेकर रविवार को वीआईपी सर्किट हाउस में महत्वपूर्ण बैठक हुई। जिसमें बताया गया कि मेले के पहले दिन 17 जून को झांसी से शहीद ज्योति यात्रा सायं 6 बजे ग्वालियर पहुंचेगी और गांधी उद्यान फूलबाग से वीरांगना लक्ष्मीबाई की समाधि तक सजीव झांकियों के साथ पहुंचेगी। इस दिन नगर निगम व स्वराज संस्थान मध्यप्रदेश शासन द्वारा लगाई प्रदर्शनी का उद्घाटन होगा, साथ ही समाधि स्थल पर दीपदान किया जाएगा। वहीं 18 जून को सुबह श्रद्धांजलि सभा, शाम 7 बजे बलिदान मेला मैदान में महानाट्य खूब लड़ी मर्दानी का मंचन होगा। इसके बाद समारोह में वीरांगना सम्मान, क्रांतिवीर व शहीद के परिजनों का सम्मान, अतिथियों का उद्बोधन व अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन होगा। बैठक में कलेक्टर रुचिका चौहान ने अधिकारियों सभी व्यवस्थाएं समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक धर्मवीर सिंह, एडीएम टीएन सिंह, अपर आयुक्त मुनीष सिकरवार, एसडीएम अतुल सिंह व नरेश कुमार गुप्ता मौजूद थे।

# बिजली कटौती के खिलाफ कांग्रेस का रोशनीघर पर धरना-प्रदर्शन 10 को

पीपुल्स संवाददाता • ग्वालियर
मो.नं. 9644644430



शहर में हो रही अघोषित बिजली कटौती एवं खराब ट्रांसफार्मर नहीं बदलने, मेंटेनेंस के नाम पर इस भीषण गर्मी में 8-8 घंटे की जा रही बिजली कटौती सहित बिजली की अन्य अव्यवस्था के विरोध में कांग्रेस पार्टी विधायक डॉ. सतीश सिकरवार के नेतृत्व में बिजली विभाग के मुख्य कार्यालय रोशनी घर पर 10 जून को सुबह 9:30 से 11:30 बजे तक धरना प्रदर्शन करेगी। यह निर्णय रविवार को ललितपुर कॉलोनी स्थित विधायक कार्यालय पर हुई बैठक में लिया गया। बैठक को संबोधित करते हुए विधायक डॉ. सतीश सिकरवार ने कहा कि बिजली की कटौती से शहर भर में हा-हाकार मचा हुआ है। बुनियादी सुविधाओं में पानी, बिजली, सड़क एवं सीवर की व्यवस्थाएं पूरी तरह दम तोड़ चुकी हैं। गली-गली में आम आदमी परेशान हैं। आमजन के बीच रहकर हमें आपस में मिलकर जनसमस्याओं का निराकरण कराना है, इसके लिए धरना-प्रदर्शन आंदोलन जारी रखना है। बैठक में वरिष्ठ नेता प्रेम सिंह यादव, वीणा भारद्वाज, ब्लॉक अध्यक्ष विनोद जैन, महादेव अपोरिया, अनूप शिवहरे, देवेन्द्र चौहान, एमआईसी सदस्य एवं पार्षद अवधेश कौरव, सुरेन्द्र साहू, प्रमोद खरे, अंकित कट्ठल, केके शर्मा, सुरेश प्रजापति, प्रमोद जैन, सुधीर मण्डेलिया, जीतू कुशवाह, बृजेश शर्मा, श्रीनिवास गुर्जर, सतेन्द्र नागर, केपी सिंह भदौरिया, राजेन्द्र परिहार, डॉ. कमलेश इंदौरिया, छोटू मण्डेलिया, आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान समारोह 22 को

विधायक डॉ. सतीश सिकरवार द्वारा 22 जून को शाम 5 बजे जीवायएमसी क्लब में होने वाले कक्षा 10 वीं व 12 वीं के मेधावी छात्र-छात्राओं के सम्मान समारोह कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर बैठक में चर्चा की गई। विधायक डॉ. सिकरवार ने बताया कि सम्मान समारोह में जिन छात्र-छात्राओं का सम्मान किया जाएगा, उसमें इस वर्ष कक्षा 10 व 12 वीं में उनके अंक 75 प्रतिशत या उससे अधिक अंक होना आवश्यक हैं।

## आठ दिवसीय जैन संस्कार शिक्षण शिविर शुरू

पीपुल्स संवाददाता • ग्वालियर
मो.नं. 9644644430



दिगंबर जैन नागौरी मंदिर दानाओली में प्रथम बार 1 से 8 जून तक आठ दिवसीय जैन बाल संस्कार शिक्षण शिविर का शुभारंभ रविवार को किया गया। इस शिविर में बच्चों को विद्वान जैन धर्म के सिद्धांतों के साथ संस्कार की शिक्षा प्रदान करेंगे। जैन संस्कार शिविर का शुभारंभ पवन जैन ने मंत्रों के साथ किया। मुख्य अतिथि पार्षद संजय सिंघल ने पचरंगी जैन ध्वज को फहराया। शिविर का उद्घाटन फीता खोलकर सुमतचंद्र जैन, प्रियंक सोनी और बच्चों के अध्ययन करने वाली किट का विमोचन पारस जैन, अमन जैन, दीपक जैन ने किया। इस मौके पर जय कुमार जैन, विनोद जैन, आशीष जैन विशेष रूप से उपस्थित थे।

जैन बाल संस्कार शिविर 8 जून तक प्रतिदिन प्रातः काल प्रातः 6:15 से 7 बजे तक योग शिक्षक, प्रातः 7 बजे अभिषेक प्रक्षाल, प्रातः 7.30 बजे - सामूहिक पूजन, प्रातः 8:30 बजे शिविर कक्षाएं, प्रातः 9:30 बजे सामूहिक कक्षा, प्रातः 10 बजे स्वल्पाहार वितरण और सायं 7 से 8:30 तक भक्ति एवं सामूहिक पाठ और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

## रक्तदान एवं स्वास्थ्य परीक्षण शिविर सम्पन्न

पीपुल्स संवाददाता • ग्वालियर
मो.नं. 9644644430



माहेश्वरी समाज उत्पत्ति दिवस के अवसर पर रविवार को श्याम वाटिका बिरला नगर प्रातः 9 बजे भगवान महेश की पूजा के बाद रक्तदान एवं स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में डॉ. अरविंद मित्तल, डॉ. हेमंत गुप्ता, डॉ. रजनीश नीखरा, आरपी माहेश्वरी का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ। कार्यक्रम में डॉ. उमेश होलानी जिला अध्यक्ष, दीपक पेड़ीवाल सचिव, शैलेश माहेश्वरी, मनोज मालू, आशुतोष माहेश्वरी, नवीन डागा, मधुसूदन माहेश्वरी, गोपाल पेड़ीवाल, विजय चांडक, डॉ. भारती माहेश्वरी, सविता पेड़ीवाल, रश्मि मालू, लता चांडक, ऐश्वर्या गोदानी, आरती डागा आदि उपस्थित थे।

### जानें आपके अधिकार

## गर्भवती महिला कर्मचारी को नौकरी से निकालना गैरकानूनी

भारत के कानून में दफ्तरों में काम करने वाली महिलाकर्मियों को ऐसा सुरक्षा कवच दिया गया, जो गर्भवती होने के दौरान उनके अधिकारों की रक्षा करता है। जी हां, मातृत्व लाभ अधिनियम, 1961 के प्रावधानों के तहत कोई भी कंपनी, गर्भवती होने के दौरान किसी भी महिला कर्मचारी को नौकरी से नहीं निकाल सकती। यदि कोई नियोक्ता ऐसा करता है तो यह गैरकानूनी है और महिला कर्मचारी के पास इसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने का अधिकार है।

### क्या हैं महिला कर्मी के अधिकार

- मातृत्व लाभ अधिनियम के प्रावधानों के तहत हर एक गर्भवती महिला को 26 सप्ताह का मातृत्व अवकाश (पहले दो बच्चों के लिए) देने का प्रावधान है।

### ऐसा हुआ है तो क्या करें

- मातृत्व अवकाश के दौरान नौकरी से निकालने पर पीड़ित महिला कर्मचारी 60 दिनों में मातृत्व लाभ अधिनियम 1961 के तहत नॉमिनेटिड इंस्पेक्टर के पास शिकायत कर सकती है।
- महिला कर्मचारी नामित इंस्पेक्टर के फैसले से असहमत है, तो अंतिम उपाय के रूप में पीड़ित महिला कर्मी एक साल के भीतर लेबर कोर्ट में मुकदमा भी दायर कर सकती है।
- मातृत्व लाभ अधिनियम से संबंधित शिकायत दर्ज करने के लिए पीड़ित महिला कर्मी समाधान पोर्टल पर साइन अप करके उमंग एप पर अपनी शिकायत दर्ज करा सकती हैं।
- गैरकानूनी तरीके से नौकरी से निकालने पर पीड़ित महिला कर्मचारी लीगल ओपिनियन लेकर लेबर कोर्ट या महिला आयोग में भी शिकायत कर सकती है।

**याद रखें : अधिकार की जानकारी ही असली ताकत है।**
जब आप अपने हक से परिचित होंगे, तभी आप कानून के दायरे में रहकर हर गलत व्यवहार का विरोध कर पाएंगे। – योगेश सोनी, लीगल एक्सपर्ट

पीपुल्स समाचार आपके साथ, आपके अधिकारों के साथ। | पीपुल्स समाचार

# आमजन को भी हो सीपीआर की जानकारी

पीपुल्स संवाददाता • ग्वालियर
मो.नं. 9644644430



इंडियन एकेडमी ऑफ पीडियाट्रिक्स के सीपीआर ट्रेनिंग सेंटर ने गत दिवस संजीवनी प्रोग्राम का आयोजन कैंसर हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर के ऑडिटोरियम में किया गया। जिसमें बताया गया कि चेस्ट कम्प्रेशन के साथ एईडी-यानी की ऑटोमेटेड एक्सटर्नल डिफिब्रिलेटर का सबसे ज्यादा महत्व है, जिसे आमजन आसानी से सीख सकते हैं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बीआर श्रीवास्तव थे। उन्होंने कहा कि संजीवनी ट्रेनिंग आम जनता के लिए सीखना बहुत महत्वपूर्ण है, जिसमें चेस्ट कम्प्रेशन के साथ एईडी का इस्तेमाल करना भी सिखाया जाता है। कार्यक्रम की डायरेक्टर डॉ. रश्मि गुप्ता ने बताया कि कार्डियक अरेस्ट के 4-6 मिनट के भीतर चेस्ट कम्प्रेशन के संग डिफिब्रिलेटर नहीं किया गया तो ब्रेन डेथ की घातक प्रक्रिया विक्टिम के शरीर में शुरू हो जाता है और ऐसे में वह बचा भी लिया गया तो, जिंदगी भर कोमा में या फिर अपाहिज बने रहने की समस्या बनी रहती है। कार्यक्रम में लगभग 70 सीएचआरआई के कार्यकर्ता शामिल हुए तथा ई-संजीवनी एप द्वारा सीपीआर अवेयर सिटीजन का सर्टिफिकेट प्राप्त किया।

इस अवसर पर डॉ. गुंजन श्रीवास्तव, डॉ. अनिता अग्रवाल, डॉ. अजय उपाध्याय विशेष रूप से उपस्थित थे।

### वस्त्र वितरण कर मनाया जन्मदिन

**ग्वालियर।** बजरंग भक्त मण्डल ने नारायण वृद्धाश्रम लक्ष्मीगंज में वृद्धजनों को स्वल्पाहार एवं महिलाओं को वस्त्र का वितरण किया। इस सप्ताह आशा कुशवाह, लव मिश्रा, शालिनी त्रिपाठी, संतोष शिवहरे, राकेश बंसल आदि के सहयोग से गाय के लिए हरे चारे का दान एवं जयारोग्य अस्पताल में भोजन वितरण की सेवा की गई। मण्डल अध्यक्ष आशीष मंगल एवं सदस्य हरीश चन्द्र अग्रवाल ने बताया कि गौ सेवा से प्रेरित होकर मण्डल से अनेकों लोग जुड़कर अपने जन्मदिन, विवाह जैसे शुभ कार्यों पर हरे चारे का दान कर रहे हैं। वहीं आगामी रविवार को मण्डल द्वारा निर्जला एकादशी के अवसर पर शर्बत का वितरण 1000 बिस्तर अस्पताल में किया जाएगा। कार्यक्रम में राकेश मंगल, अमन गर्ग, रामकिशोर मंगल, नमन अवस्थी, विशाल अग्रवाल आदि लोग उपस्थित थे।

### पूर्व विधायक बांदिल की श्रद्धांजलि सभा आज

**ग्वालियर।** जनसंघ व भाजपा के संस्थापक सदस्य पूर्व विधायक स्व. गंगाराम बांदिल की पुण्यतिथि पर सोमवार को प्रातः 8 बजे भाजपा कार्यालय मुखर्जी भवन में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया है।


**नामांकन विज्ञप्ति/आम सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम ग्वालियर क्षेत्र के अंतर्गत मेरी संपत्ति क्षेत्र क्रं 02, वार्ड क्र 09,भवन क्रं 1144 का भाग, स्थान सोडा का कुंआ ग्वा0 मे स्थित है जो कि रमेशचन्द्र/स्व. श्री दर्शनलाल गोयल के नाम से नगर निगम मे आई डी क्र .. पर दर्ज है/नही है। जिसका क्षेत्रफल 850 वर्गफुट है। उक्त संपत्ति को मेरे द्वारा रजिस्टर्ड विक्रय पत्र/**उत्तराधिकार** से प्राप्त किया गया है। उक्त संपत्ति को मेरे द्वारा मध्यप्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 अंतर्गत धारा 167 के आशयों की पूर्ति संपत्तिकर एंव अन्य उपकर की वसूली हेतु नामांकन आवेदन जनमित्र समाधान केन्द्र नौमहला, क्षे.क्र 02, पर दिनांक 30.05.2025 को किया गया है। जिसका आवेदन कार्य क्र 61/2010/57253/57469 प्र. क्र.... 3/11 है। उक्त के संबध में यदि किसी को आपत्ति हो तो कार्यालय आयुक्त नगर निगम ग्वालियर सिटी सेंटर मे स्थित संपत्तिकर विभाग कक्ष क्रं. 205,202 मे प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित में अपनी आपत्ति मय सुसंगत दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें। नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति मान्य नही होगी एंव उक्त कार्यालय द्वारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जावेगा।

**विज्ञप्ति जारी दिनांक 01.06.2025**

**आवेदक-श्रीमती नीतू गोयल/स्व. श्याम गोयल,पता- सोडा का कुंआ ग्वा0, मो0-8770636603**



**अनुसूची I**
**फार्म ए**
**सार्वजनिक घोषणा**
**[भारतीय दिवाला और शोधन अक्षमता बोर्ड (स्वैच्छिक परिसमापन) विनियम, 2017 का विनियम 14]**

**गार्विसाई प्राइवेट लिमिटेड के हितधारकों के ध्यानार्थ**

| RELEVANT PARTICULARS | | |
|---|---|---|
| 1. | कॉर्पोरेट व्यक्ति का नाम | गरविसई प्राइवेट लिमिटेड |
| 2. | कॉर्पोरेट व्यक्ति के निगमन की तिथि | 25/06/2021 |
| 3. | प्राधिकरण जिसके अंतर्गत कॉर्पोरेट व्यक्ति निगमित/पंजीकृत है | कंपनीज रजिस्ट्रार, ग्वालियर |
| 4. | कॉर्पोरेट व्यक्ति की कॉर्पोरेट पहचान संख्या | U72900MP2021PTC056432 |
| 5. | कॉर्पोरेट व्यक्ति के पंजीकृत कार्यालय और मुख्य कार्यालय (यदि कोई हो) का पता | 376, लोकमान्य नगर, केसर बाग रोड, इन्दौर जी.पी.ओ. इंदौर, मध्य प्रदेश इंडिया, 452001 |
| 6. | कॉर्पोरेट व्यक्ति के परिसमापन की आरंभ तिथि | 30/05/2025 |
| 7. | परिसमापक का नाम, पता, ईमेल पता, टेलीफोन नंबर और पंजीकरण संख्या | भारत रमाकांत उपाध्याय पंजी.नं. IBBI/IPA-002/IP-N00120/2017-18/10289 पता : 507, पांचवी मंजिल, सी2 विंग, स्कायलाईन वेल्थ स्पेस, स्कायलाईन ओएसिस कॉम्प्लेक्स, प्रीमियर रोड, विद्या विहार स्टेशन के पास, घाटकोपर-वेस्ट, मुम्बई-400086 फोन नं. : 9833284483 ईमेल आईडी आईबीबीआई के साथ रजिस्टर्ड **brupadhyay@hotmail.com** दावे इस पर भेजे जाने हैं **Email Id: brupadhyay.irp@gmail.com** |
| 8. | दावा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | 29/06/2025 |

इसके द्वारा यह सूचित किया जाता है कि गर्विसाई प्राइवेट लिमिटेड ने 30 मई, 2025 को स्वैच्छिक परिसमापन शुरू कर दिया है।

गर्विसाई प्राइवेट लिमिटेड के हितधारकों से अनुरोध है कि वे 29 जून, 2025 को या उससे पहले मद 7 के सामने उल्लिखित पते पर परिसमापक को अपने दावों का प्रमाण प्रस्तुत करें।

वित्तीय लेनदार केवल इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से अपने दावों का प्रमाण प्रस्तुत करेंगे। अन्य सभी हितधारक व्यक्तिगत रूप से, डाक द्वारा या इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से दावों का प्रमाण प्रस्तुत कर सकते हैं। दावे के झूठे या भ्रामक प्रमाण प्रस्तुत करने पर दंड लगाया जाएगा।

भारत रमाकांत उपाध्याय
दिनांक : 31.05.2025
स्थान : मुम्बई


### शिक्षक आज से स्कूलों में पहुंचेंगे

**ग्वालियर।** स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा सोमवार से कक्षा 1 से 12वीं तक के सभी स्टाफ व शिक्षकों को स्कूलों में बुलाया है। हालांकि छात्र-छात्राओं को 16 जून से स्कूल बुलाया है। वहीं सोमवार से जो शिक्षक स्कूल आएंगे उनके द्वारा 17 जून से शुरू होने वाली हाईस्कूल व हायर सेकंडरी की दूसरी बोर्ड परीक्षा के लिए अतिरिक्त कक्षाएं लगाकर बच्चों को पढ़ाया जाएगा।

## वैदेही नेशनल सीरीज में उपविजेता

पीपुल्स संवाददाता • ग्वालियर
मो.नं. 9644644430



टेनिस खिलाड़ी वैदेही शिंदे ने मुंबई में हुई नेशनल सीरीज में उपविजेता रह कर सिल्वर मेडल जीता। ग्वालियर-चंबल टेनिस एसोसिएशन के मुख्य प्रशिक्षक विकास पांडेय ने बताया कि 24 से 31 मई के मध्य मुंबई में खेली गई नेशनल सीरीज में बालिका 14 वर्ष का सिंगल्स फाइनल मुकाबला हुआ। इस प्रतियोगिता में वैदेही एकल राउंड, प्री क्वार्टर, क्वार्टर में विजेता रही एवं फाइनल में प्रार्थना खेड़कर से 2-6, 2-6 हार कर उपविजेता रहीं। वैदेही की इस सफलता पर ग्वालियर-चंबल टेनिस एसोसिएशन के सचिव एवं विक्रम अवार्डी अनुराग ठाकुर एवं वरिष्ठ टेनिस खिलाड़ी विवेक पांडेय, अनिल चौहान ने बधाई दी है।



**वर्षा बघेल**
टैरो कार्ड रीडर

**(Aries) मेष** (MAR. 21-APR. 19)
इस सप्ताह प्रॉपर्टी या आर्थिक लाभ की संभावना है। उधार चुकाने का प्रयास करेंगे। लालच से बचें। सफाईकर्मी को कुछ दान करें।

**(Taurus) वृषभ** (APR 20 – MAY 20)
इस सप्ताह पूर्व घटनाओं की पुनरावृत्ति हो सकती है। यह समय सीख देने आया है। सोच कर निर्णय लें। क्षमा प्रार्थना करना लाभ देगा।

**(Gemini) मिथुन** (MAY 21 – JUNE 20)
इस सप्ताह अपना हुनर लोगों को दिखाएं। मान सम्मान व प्रशंसा सुनने मिलेगी। नया सीखने का प्रयास करें। लिखकर मैनिफेस्टेशन करें।

**(Cancer) कर्क** (JUN 21 – JUL 22)
इस सप्ताह प्रतीक्षारत निर्णय अंतिम रूप लेंगे। विदेश संबंधी कार्य या यात्रा हो सकती है। एकाग्र व ईमानदार रहें। पशु पक्षियों को जल भोजन दें।

**(Leo) सिंह** (JULY 23 – AUG. 22)
इस सप्ताह यदि घर से दूर हैं तो घर वापसी हो सकती। गुस्से पर नियंत्रण रखें। जमीन संबंधी काम बनेंगे। व्यायाम और प्राणायाम करें।

**(Virgo) कन्या** (AUG - 23 – SEPT- 22)
इस सप्ताह व्यक्तित्व में पॉजिटिव बदलाव आएगा। स्वयं के विकास के लिए नए निर्णय लेंगे। डिवाइन मार्गदर्शन मिलेगा। प्रार्थना करें।

**(Libra) तुला** (SEPT. 23 – OCT. 22)
इस सप्ताह मजबूती से नेतृत्व करेंगे। नया काम मिलेगा। इच्छित कार्यों में सफलता मिलेगी। लोग आपसे प्रेरित होंगे। सूर्य की उपासना लाभ देगा।

**(Scorpio) वृश्चिक** (OCT. 23 – NOV. 21)
इस सप्ताह मन में लालच के कारण आपसे गलतियां होंगी। जो है उसी में संतुष्ट रहना सीखें। स्थिति को गहराई से समझें। स्ट्रीट डॉग को भोजन दें।

**(Sagittarius) धनु** (NOV. 22 – DEC. 21)
यह सप्ताह आनंदमय बीतेगा। प्रेम व शांति महसूस करेंगे। दिव्य मार्गदर्शन मिलेगा। पानी वाली जगह यात्रा हो सकती।

**(Capricorn) मकर** (DEC. 22 – JAN. 19)
इस सप्ताह रुका धन मिल सकता है। महिलाएं नए कपड़े खरीद सकती हैं। गर्भ धारण के लिए सही समय है। माथे पर हल्दी तिलक लगाएं।

**(Aquarius) कुंभ** (JAN. 20 – FEB. 18)
इस सप्ताह खुश रहेंगे। परिवार में अधिक समय देंगे। दोस्तों या परिवार के साथ छुट्टी मनाने जा सकते है। पित्रों के लिए दान करें।

**(Pisces) मीन** (FEB. 19 – MAR. 20)
यह सप्ताह प्रेमपूर्ण होगा। पुरानी किसी महिला मित्र या परिचित से मुलाकात हो सकती है। स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें। भगवान को सफेद पुष्प समर्पित करें।

(वीकली टैरो राशिफल- 02 जून से 08 जून तक, 2025...तक राशिफल जोडियक साइन यानी जिस माह में आपका जन्म हुआ है, उस पर आधारित है)

6/9/25, 11:34 AM



## न्यूज ब्रीफ

### अवैध रेत से भरे ट्रैक्टर को जब्त कर थाना में खड़ा करवाया



**जबलपुर।** मझौली तहसीलदार ने रविवार को संदेह के आधार पर मनखेड़ी मार्ग में रेत से भरे एक ट्रेक्टर को रोका। अधिकारियों को देखते ही ड्राइवर ट्रैक्टर छोड़कर भाग गया। इस पर उन्होंने अवैध रेत परिवहन कर रहे ट्रैक्टर को जब्त कर इंद्राना थाना के सुपुर्द कर दिया। उल्लेखनीय है कि इन दिनों पूरे जबलपुर में नर्मदा घाट हो या फिर हिरन नदी के घाट या अन्य नदियां, वहां पर रेत माफिया पूरी बेशर्मी के साथ रेत क खनन कर नदियों का सीना छलनी कर रहे हैं. प्रशासन भी समय-समय पर कार्रवाई करता है, लेकिन इस कार्रवाई का माफियाओं पर कोई असर नहीं पड़ रहा है।

### एसपी ने करवाई कॉम्बिंग गश्त 304 वारंट हुए तामील

**जबलपुर।** एसपी सम्पत उपाध्याय द्वारा अपराधों की रोकथाम हेतु गुंडे, बदमाशों एवं असामाजिक तत्वों के विरुद्ध उनके आपराधिक रिकॉर्ड को दृष्टिगत रखते हुए प्रतिदिन प्रतिबंधात्मक कार्यवाही कराई जा रही है वहीं थानों में लंबित वारंटों की तामीली तथा मामलों में फरार आरोपियों की गिरफ्तारी, संपत्ति संबंधी अपराधों की रोकथाम के लिए कॉम्बिंग गश्त हेतु आदेशित किए जाने पर शाम 5 बजे से रात्रि 2 बजे तक अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर आनंद कलादगी,समर वर्मा,सूर्यकांत शर्मा,सोनाली दुबे आदि उपस्थित थे। कॉम्बिंग गश्त के दौरान वारंटी एवं लंबित मामलों में फरार आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु शहर एवं देहात के थानों में पदस्थ लगभग 592 अधिकारी एवं कर्मचारियों की 81 टीमें बनाई गई, एक टीम के प्रभारी थाना प्रभारी स्वयं थे, अन्य टीम के प्रभारी उप निरीक्षक, सहायक उप निरीक्षक स्तर के अधिकारी थे।

## पौने 4 सौ करोड़ खर्च करने के बाद भी बदहाल है शहर की ड्रेनेज व्यवस्था

# नालों की चौड़ाई कम करना शहर के लिए बना दंश, जलभराव की वजह बने

पीपुल्स संवाददाता • जबलपुर
मो.नं. 7000277102

पीपुल्स समाचार समस्या



13 साल पहले शहर के 134 नालों को पक्का कर कवर्ड किया गया था,यह कार्य पौने 4 सौ करोड़ की भारी भरकम राशि कर्ज पर लेकर किया गया था,जिसमें से अभी भी 30 फीसदी काम अधूरा है। दरअसल 100 से 125 फीट चौड़े कच्चे नालों को 15 से 20 फीट कीचौड़ाई में पक्का कर कवर्ड करवा दिया गया जिसके कारण बारिश में ये ओवरफ्लो होकर जलप्लावन की स्थिति बनाते हैं। अधूरे कामों को पूरे करने 150 से 200 करोड़ रुपए और चाहिए।

बारिश में नगर निगम नाले-नालियों की सफाई तो हर साल करवाता है मगर इसके बावजूद ये नाले शहर में जलप्लावन की वजह बन रहे हैं। हर साल होने वाली जलप्लावन की समस्या पर सदन की बैठकों में आवाज उठती रहती है जो कि इस बार भी उठी। महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू ने उस वक्त जब वे कांग्रेस के महापौर थे तो दो टूक कहा था कि जलप्लावन की वजह संकरे कर दिए गए नाले हैं,जो पूर्व की सरकारों की वजह से है। हैरत की बात है कि शहर के मुख्य 5 नाले जिसमें ओमती नाला,मोती नाला,खंदारी नाला,शाह नाला व उर्दना नाला शामिल हैं,पूर्व में ये नाले 100 से 125 फीट तक चौड़ाई में थे इन्हें 12 से 20 फीट तक बना दिया गया और कवर कर दिया गया। तेज बारिश की स्थिति में ये नाले कुछ ही देर में ओवर फ्लो होकर जहां-जहां भी काम अधूरा है वहां से जलप्लावन की स्थितियां समीपी बस्तियों में कर देते हैं।

### इसलिए हुआ था काम

शहर की ड्रेनेज व्यवस्था को सुधारने केलिए केन्द्र सरकार के द्वारा मिली राहत के तहत शहर के 134 नालों को पक्का कर कवर्ड करवाने का काम एलएंडटी कंपनी ने लिया था। इस कार्य की शुरूआत 2010 से हुई थी और 2014 से काम बंद है। काम 70 फीसदी ही हो पाया है। शेष 30 फीसदी के लिए नगर निगम के पास राशि की व्यवस्था नहीं है। इसके लिए हुडको से ऋण भी लिया गया मगर काम पूरा नहीं हो पाया।

#### पांचों बड़े नाले अधूरे

शहर के बड़े पांचों नालों में काम अधूरा है। खंदारी और ओमती में आधे-आधे दर्जन जगह काम अधूरा पड़ा है। ज्यादातर जगह सीमांकन के लिए काम अधूरा पड़ा है। शाह और उर्दना नाले में भी पेंच फंसे हैं। उर्दना नाले के लिए तो 87 लाख रुपए जिला प्रशासन के पास जमा तक करवा दिए गए थे। उसके बाद भी सीमांकन नहीं हो पाया।

### तीन धाराओं में बहता है पानी

यही हाल रहा तो अगले कई साल तक शहर को जलप्लावन का दंश भुगतना पड़ेगा। बारिश में शहर के उन इलाकों में तक जलप्लावन होने लगा है जहां पहले कभी नहीं होता था। अधूरे नालों में बारिश का तेज बहाव होने पर तीन धाराओं में पानी बहता है।

#### फैक्ट फाइल

- 374 करोड़ का था कुल प्रोजेक्ट 364 करोड़ खर्च
- 200 करोड़ और खर्च करने होंगे काम पूरा करने
- 134 नाले हुए पक्के व कवर्ड
- 9 सितंबर2010 से शुरू हुआ था प्रोजेक्ट
- 30 महीने में होना था काम पूरा
- 9 बार बिना किसी जुर्माने के दिया एक्सटेंशन
- 3 साल पहले कंपनी ने कर दिया काम बंद
- 2014 तक चला था काम
- 05 बड़े व 129 छोटे नालों में होना था काम
- 70 फीसदी काम हो पाया
- 30 फीसदी के लिए हुडको से लिया गयाऋण

हमने विकल्प के तौर पर नालों के आजू-बाजू के कच्चे हिस्सों में पाइप लाइन डालकर जलप्लावन से सामना करने का निर्णय लिया है।
-जगत बहादुर सिंह अन्नू, महापौर।

## पीपुल्स समाचार विरासत — जबलपुर की धरोहर

स्थान: नगर निगम | चर्चित: ब्रिटिशकालीन निर्माण

### अंग्रेजी हुकूमत का गवाह है ननि का मुख्यालय







पीपुल्स संवाददाता • जबलपुर
मो.नं. 9301787018

अंग्रेजी हुकूमत के दौरान बनकर तैयार हुई मध्य प्रदेश की सबसे पहली नगर निगम जबलपुर की स्थापना साल 1864 में की गई थी। इसे प्रदेश की सबसे पुरानी नगर निगम का तमगा भी मिला है। जिसका इतिहास भी बेहद गौरवशाली रहा है। वर्तमान में मौजूद नगर निगम भवन का निर्माण साल 1929 में 90 हजार रुपए की लागत से हुआ था। वहीं, देश की आजादी के बाद से अब तक 21 महापौर का चुनाव हो चुका है, जो सबसे पहले साल 1952 में हुआ था. जिसमें महापौर की कुर्सी में अबतक डॉक्टर, शिक्षक, कानूनविद समेत तमाम लोग आसीन हो चुके हैं।

पहले महापौर 1952 में भवानी प्रसाद तिवारी बने थे. उनका कार्यकाल सबसे लंबा रहा है। उस समय महापौर का कार्यकाल एक साल का होता था। जब भवानी प्रसाद तिवारी महापौर बने थे उस समय वित्त की बड़ी समस्या हुआ करती थी। यही वजह है कि विकास के ज्यादा काम नहीं हो पाते थे। इसके अलावा सवाईमल जैन, नारायण प्रसाद चौधरी, रामेश्वर प्रसाद, गुलाबचंद्र गुप्ता, डॉ. एससी बराट के भी कार्यकाल को याद किया जाता है। 1983 से 1995 तक नगर निगम चुनाव नहीं हुए। इस दौरान नगर निगम की बागडोर प्रशासक के पास रही है। नगर निगम में सिर्फ पुरुष ही नहीं बल्कि महिला सशक्तिकरण का भी राज रहा है। 1995 में कल्याणी पांडे ने महापौर का दायित्व संभाला और सफलतापूर्वक 5 साल तक मेयर रहीं। इस दौरान उन्होंने कई ऐतिहासिक काम भी किए। उसके बाद फिर 2005 से 2010 तक सुशीला सिंह ने जबलपुर मेयर की सीट पर बैठ कर बताया कि महिलाएं भी किसी से कम नहीं है। स्वाति गोडबोले 2015 से 2020 तक जबलपुर नगर निगम की महापौर रही हैं।



सदन की बैठक वाला हाल भवानी प्रसाद तिवारी के नाम से ख्यात है। यहां पक्ष-विपक्ष के लोग अपने अधिकार की बात रखते हैं, लेकिन सदन की पारिवारिक परंपरा आज भी कायम है।
-जगत बहादुर सिंह अन्नू, महापौर

# सिंधी कैम्प में 14 करोड़ 37 लाख से बनेगी सीसी रोड

### कैबिनेट मंत्री राकेश सिंह ने किया भूमिपूजन



**पीसं,जबलपुर।** कैबिनेट मंत्री राकेश सिंह ने रविवार को राधाकृष्ण वार्ड स्थित सिंधी कैम्प में चौपाल आयोजित की। इस दौरान 1.15 किलोमीटर लम्बाई की सिंधी कैम्प से हीरा पहलवान के बिल्डिंग तक एवं लक्ष्मी ट्रेडर्स से दीपक वंशकार के मकान तक तथा प्रेम सागर पुलिस पोस्ट से माखन सोनकर टेंट तक 140.37 लाख की लागत से सीसी रोड का भूमिपूजन किया। उन्होंने कहा कि मैंने सांसद के रूप में जबलपुर की जनता ने 20 साल तक बढ़ते वोटों से उन्हें आशीर्वाद देकर इतिहास रचा है। विधायक के रूप में उन्हें लोक निर्माण मंत्री का दायित्व दिया है, अतः उत्तरदायित्व बन जाता है कि वे लोगों के सुख-दुख में सहभागी बने और जनहित के विकास कार्य करें।

### अलग स्वरूप में दिखेगा शहर

मंत्री श्री सिंह ने कहा कि बजट सत्र के दौरान जबलपुर के विकास के लिए 3200 करोड़ स्वीकृत कराए हैं, जिससे हर व्यक्ति के घर के पास विकास की झलक दिखेगी और जबलपुर विकास की दृष्टि से शीघ्र ही एक अलग स्वरूप में दिखेगा। जबलपुर में एक रोप-वे एम्पायर टॉकिज से सदर, छोटी लाईन होते हुए गौरीघाट व गौरीघाट के उस पार तक जाएगा जिसकी लागत 750 करोड़ होगी, दूसरा रोप-वे जिसकी लागत 350 करोड़ रुपए है, सिविक सेंटर, अंधेरदेव, दमोहनाका होते हुए अधारताल तक बनेगा। 380 करोड़ से शीघ्र ही एक फ्लाईओव्हर छोटी लाईन फाटक से साई मंदिर तक बनेगा।

### भेड़ाघाट हादसा, उपचार के दौरान महिला की भी हुई मौत

**जबलपुर।** थाना भेड़ाघाट में मेडिकल कॉलेज से सूचना मिली कि सरिता त्रिपाठी उम्र 31 वर्ष निवासी न्यू बस्ती पड़रा चुरहट जिला रीवा को भेड़ाघाट अंतर्गत ग्राम भीटा में सड़क दुर्घटना में घायल होने के कारण भर्ती कराया गया था जिसकी दौरान उपचार के मृत्यु हो गई है। सूचना पर मर्ग कायम कर जांच में लिया गया।

# मांस-मटन, पॉलिथीन बेचने वाले व गंदगी करने वालों पर कार्रवाई

### 40 पर चालानी कार्रवाई,4 हजार रुपए जुर्माना वसूला



**पीसं,जबलपुर।** नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग के सहायक स्वास्थ्य अधिकारियों और मुख्य स्वच्छता निरीक्षकों के द्वारा अधारताल, कृषि विश्वविद्यालय रोड, एवं सुहागी बाजार क्षेत्रों में गंदगी करने वाले, अमानक पॉलिथीन विक्रय करने वाले व्यापारियों एवं खुले में मांस-मटन विक्रय करने वालों के विरुद्ध चालानी कार्रवाई की गई,जिसमें 40 व्यापारियों पर चालानी कार्रवाई करते हुए 4 हजार रुपए का जुर्माना भी वसूला गया।

कार्रवाई के संबंध में उपायुक्त संभव अयाची एवं स्वास्थ्य अधिकारी संदीप जायसवाल ने बताया कि शहर की सफाई व्यवस्था में सुधार लाने नगर निगम द्वारा लगातार गंदगी फैलाने वालों पर सख्ती की जा रही है। इसके साथ साथ अमानक प्रकार की पॉलिथीन विक्रय करने वाले दुकानदारों और खुले में मांस-मटन विक्रय करने वालों के विरुद्ध भी नगर निगम ने कार्रवाई तेज कर दी है। गंदगी फैलाने वाले, अमानक प्रकार की पॉलिथीन विक्रय करने वाले व्यापारियों एवं खुले में मांस-मटन विक्रय करने वाले 40 के विरुद्ध चालानी कार्रवाई कर 4 हजार रुपए से अधिक जुर्माने के रूप में वसूली कर निगम खजाने में जमा करवाई गई।

# रविवार को खुला वीयू, कुलगुरु ने तैयार कराया एजेंडा

### बोर्ड की बैठक से पहले तैयारी की ली जानकारी

पीपुल्स संवाददाता • जबलपुर
मो.नं. 9713230229


एजेंडा को तैयार करवाते हुए कुल सचिव।

नानाजी देशमुख वेटरनरी साइंस यूनिवर्सिटी का प्रशासनिक भवन रविवार को भी आम दिनों की तरह 10 बजे खुला। अवकाश के दिन कुलगुरु प्रो. डॉ. मनदीप शर्मा ने कुलसचिव सहित उन प्रशासनिक अधिकारियों के साथ विवि प्रशासन द्वारा तैयार किए गए प्रस्तावों की समीक्षा की। विवि के अधिकारियों के मुताबिक यह पहली बार है कि बोर्ड की बैठक की तैयारियों को लेकर कुलगुरु ने रविवार अवकाश के दिन भी अधिकारियों की समीक्षा बैठक बुलाई है। विवि के सूत्रों की मानें तो रविवार अवकाश के दिन कुलगुरु ने बैठक बुलाकर अपने प्रशासनिक अधिकारियों से इस बात की जानकारी ली कि जिन प्रस्तावों को एकेडमिक काउंसिल और विद्या परिषद की से पास कर दिया गया है उन्हें अब बोर्ड की बैठक में रखने के लिए क्या तैयारी है। इसके साथ ही विवि में भर्ती संबंधी प्रक्रिया, बजट 2025-26 को पास करने व कुछ यूनिटों में बजट का आवंटन नहीं होने से कार्य प्रभावित हो रहे हैं। ऐसे में बोर्ड में बजट को पास कराने का प्रस्ताव भी एंजेडा में शामिल किया गया।

कुलगुरु ने समीक्षा के दौरान अधिकारियों से कहा कि वे समय से पहले हर तरह की कागजी कार्यवाही नियमानुसार पूरी कर लें। जो प्रस्ताव बोर्ड की बैठक में सदस्यों के समक्ष रखे जाने है उनमें किसी प्रकार की कमी न रह जाएं। कुलगुरु की अध्यक्षता में कुलसचिव डॉ. एसएस तोमर, असि. रजिस्ट्रार डॉ. रामकिंकर, डायरेक्टर रिसर्च डॉ. जोशी सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### जानलेवा हमला करने वाला आरोपी चंद घंटे में पकड़ा गया

**जबलपुर।** थाना खमरिया में भट्टा मोहल्ला पिपरिया मे मारपीट में एक व्यक्ति के घायल होने की सूचना पर पहुंची पुलिस द्वारा घायल को उपचार हेतु तत्काल रांझी अस्पताल भिजवाया गया जहां से घायल को विक्टोरिया अस्पताल रेफर कर दिया गया। घायल के चचेरे भाई सावन कोल उम्र 24 वर्ष निवासी भट्टा मोहल्ला पिपरिया ने बताया कि रात 12-30 बजे शादी समारोह से वापस घर लौटा तो देखा कि घर के सामने उसके बड़े पिता के लड़के नेमचंद को पवन यादव चाकू से मार रहा था जो चिल्लाने पर भाग गया पास जाकर देखा भाई नेमचंद के पेट में चोट लगने से खून निकल रहा था। पवन यादव ने हत्या करने की नीयत से बड़े पिता के लड़के नेमचंद पर चाकू से हमला कर चोट पहुंचा दी है । रिपोर्ट पर धारा 109 बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। पुलिस ने आरोपी को चंद घंटों में गिरफ्तार कर लिया है।

अनुसूची I
फार्म ए
सार्वजनिक घोषणा
[भारतीय दिवाला और शोधन अक्षमता बोर्ड (स्वैच्छिक परिसमापन) विनियम, 2017 का विनियम 14]

**गार्विसाई प्राइवेट लिमिटेड के हितधारकों के ध्यानार्थ**

| RELEVANT PARTICULARS | | |
|---|---|---|
| 1. | कॉर्पोरेट व्यक्ति का नाम | गरविसई प्राइवेट लिमिटेड |
| 2. | कॉर्पोरेट व्यक्ति के निगमन की तिथि | 25/06/2021 |
| 3. | प्राधिकरण जिसके अंतर्गत कॉर्पोरेट व्यक्ति निगमित/पंजीकृत है | कंपनीज रजिस्ट्रार, ग्वालियर |
| 4. | कॉर्पोरेट व्यक्ति की कॉर्पोरेट पहचान संख्या | U72900MP2021PTC056432 |
| 5. | कॉर्पोरेट व्यक्ति के पंजीकृत कार्यालय और मुख्य कार्यालय (यदि कोई हो) का पता | 376, लोकमान्य नगर, केसर बाग रोड, इन्दौर जी.पी.ओ. इंदौर, मध्य प्रदेश इंडिया, 452001 |
| 6. | कॉर्पोरेट व्यक्ति के परिसमापन की आरंभ तिथि | 30/05/2025 |
| 7. | परिसमापक का नाम, पता, ईमेल पता, टेलीफोन नंबर और पंजीकरण संख्या | भारत रमाकांत उपाध्याय पंजी.नं. IBBI/IPA-002/IP-N00120/2017-18/10289 पता : 507, पांचवी मंजिल, सी2 विंग, स्कायलाईन वेल्थ स्पेस, स्कायलाईन ओएसिस कॉम्प्लेक्स, प्रीमियर रोड, विद्या विहार स्टेशन के पास, घाटकोपर-वेस्ट, मुम्बई-400086 फोन नं. : 9833284483 ईमेल आईडी आईबीबीआई के साथ रजिस्टर्ड **brupadhyay@hotmail.com** दावे इस पर भेजे जाने हैं **Email Id: brupadhyay.irp@gmail.com** |
| 8. | दावा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | 29/06/2025 |

इसके द्वारा यह सूचित किया जाता है कि गर्विसाई प्राइवेट लिमिटेड ने 30 मई, 2025 को स्वैच्छिक परिसमापन शुरू कर दिया है।

गर्विसाई प्राइवेट लिमिटेड के हितधारकों से अनुरोध है कि वे 29 जून, 2025 को या उससे पहले मद 7 के सामने उल्लिखित पते पर परिसमापक को अपने दावों का प्रमाण प्रस्तुत करें।

वित्तीय लेनदार केवल इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से अपने दावों का प्रमाण प्रस्तुत करेंगे। अन्य सभी हितधारक व्यक्तिगत रूप से, डाक द्वारा या इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से दावों का प्रमाण प्रस्तुत कर सकते हैं। दावे के झूठे या भ्रामक प्रमाण प्रस्तुत करने पर दंड लगाया जाएगा।

भारत रमाकांत उपाध्याय
दिनांक : 31.05.2025
स्थान : मुम्बई




https://epapers.peoplessamachar.in/epaper/edition/18394/jabalpur/page/3 1/1

6/9/25, 11:32 AM



## न्यूज ब्रीफ

### विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विषय पर कार्यशाला आज

**भोपाल।** ट्रिपल आईटी भोपाल एवं मप्र काउंसिल साइंस एंड टेक्नोलॉजी के संयुक्त तत्वावधान में 'मानवता के लिए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी' विषय पर सोमवार को होटल पलाश रेजिडेंसी में कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में ट्रिपल आईटी के बोर्ड ऑफ गवर्नर्स की चेयरपर्सन कविता खन्ना उपस्थित रहेंगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता आशुतोष कुमार सिंह करेंगे। वहीं डॉ. अनिल कोठारी एवं डॉ. अजय सिंह कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि होंगे।

### बीयू के फोर्थ ईयर के एग्जाम कल से शुरू

**भोपाल।** बरकतउल्ला विश्वविद्यालय (बीयू) के फोर्थ ईयर के 3 से दस जून तक चलेंगे। परीक्षा का समय सुबह नौ से दोपहर 12 बजे तक का रखा गया है। आठ जिलों में होने वाली परीक्षा में करीब 3 हजार विद्यार्थी शामिल होंगे। इसमें 80 फीसदी विद्यार्थी ऑनर्स की परीक्षाएं देंगे जबकि बीस फीसदी विद्यार्थी रिसर्च का पेपर हल करेंगे। बीयू चौथे साल की परीक्षा में 70 अंकों का पेपर लेगा। इसमे कुल 15 प्रश्न होंगे। विद्यार्थियों को आठ सवाल हल करना होंगे।

### मोबाइल कारोबारी से नोटों से भरा बैग लूटा

**भोपाल।** शनिवार-रविवार की दरमियानी रात 1:30 भोपाल में सरेराह लूट की घटना सामने आई है। शाहजहांनाबाद पुलिस ने बताया कि राजेश अठवानी (40) पुत्र आनंदराम अठवानी निवासी प्रभुनगर ईदगाह हिल्स की घोड़ानक्कास इलाके में मोबाइल की शॉप हैं। देर रात दुकान बंद कर घर के लिए लौट रहे थे। कैंब्रिज स्कूल के पास में उन्हें बाइक सवार बदमाशों ने रोककर हमला किया और बैग को छीनकर फरार हो गए।

### भाई की शादी से लौटकर युवक ने लगाई फांसी

**भोपाल।** भाई की शादी से लौटने के बाद युवक ने फांसी लगा ली। पुलिस के अनुसार अरुण लोधी (26) पुत्र जगदीश लोधी निवासी इमलिया गांव थाना सूखी सेवनिया में पिता के साथ खेती-किसानी करता था। शनिवार रात को अपने चचेरे भाई की शादी में भी शामिल हुआ। घर आकर उसने फांसी लगा ली। पुलिस को कोई सुसाइड नोट भी नहीं मिला है। पुलिस ने मर्ग कायम किया है।

### पिता के साथ नदी में नहा रहा बेटा डूबा

**भोपाल।** ईटखेड़ी इलाके की बरखेड़ी खुर्द नदी में डूबने से 20 साल के युवक की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार दीपक सपेरा निवासी नजीराबाद शनिवार को पिता-चाचा और दोस्तों के साथ ईंटखेड़ी में रिश्तेदारी में आया था। रविवार को नहाने के लिए बरखेड़ी खुई नदी पर गया था। नहाते हुए गहरे पानी में जाने से डूब गया। पुलिस ने शव को बरामद कर पीएम के बाद बॉडी परिजनों को सौंप दिया है।

# अब हमीदिया का नाम बदलने निगम अध्यक्ष ने उठाई मांग

## राजनीति : पहले भी हमीदिया को डॉ. एनपी मिश्रा मेमोरियल अस्पताल करने का दिया था प्रस्ताव

पीपुल्स संवाददाता • भोपाल
मो.नं. 9827363130

शहर में एक बार फिर स्मारकों और जगहों के नाम पर सियासत शुरू हो गई। गौरव दिवस पर नगर निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी ने हमीदिया अस्पताल और कॉलेज का नाम बदलने की मांग की है। उन्होंने कहा कि जिस समय भारत आजाद हुआ था उस समय भोपाल रियासत का विलय नहीं हुआ था।

नवाब हमीदुल्लाह ने भोपाल का भारत में विलय होने का विरोध किया। ऐसे व्यक्ति के नाम पर हमीदिया अस्पताल और हमीदिया कॉलेज का नाम नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि इसके लिए शासन को पत्र भी लिखा है।

मालूम हो कि यह पहला मौका नहीं है जब हमीदिया अस्पताल के नाम बदलने की मांग की गई हो। दो साल पहले भी इस तरह की मांग उठी थी। इसे लेकर मप्र मेडिकल टीचर्स एसोसिएशन ने भी शासन को पत्र लिखा था।


किशन सूर्यवंशी

**पहले भी बदला जा चुका है हमीदिया का नाम :** हमीदिया अस्पताल आजादी से पहले प्रिंस ऑफ वेल्स किंग एडवर्ड्स मेमोरियल हॉस्पिटल फॉर मेन के नाम से जाना जाता था। वहीं, सुल्तानिया अस्पताल का नाम लेडी लेंसडाउन हॉस्पिटल था।

### डॉ. एनपी मिश्रा के नाम पर आया था प्रस्ताव

2021 में डॉ. एनपी मिश्रा के निधन के बाद उनके श्रद्धांजलि कार्यक्रम में अस्पताल का नाम बदलने की मांग हुई थी। इस पर वहां मौजूद सभी चिकित्सकों ने सहमति भी दी थी। इसके बाद मेडिकल टीचर्स एसोसिएशन ने अभियान भी चलाया था। अब किशन सूर्यवंशी ने हमीदिया का नाम पूर्व राष्ट्रपति डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम के नाम पर करने का सुझाव भी दिया है। इसी तरह एम्स भोपाल का नाम बदलने की भी चर्चाएं हुईं थी। तब इसका नाम देवी अहिल्याबाई के नाम पर करने का प्रस्ताव आया था।

### ये नाम भी बदले गए

यह पहला मौका नहीं है जब राजधानी में किसी जगह का नाम बदले गए। इससे पहले भोपाल में ही हबीबगंज स्टेशन का नाम रानी कमलापति किया गया था। इसके बाद पीएम नरेंद्र मोदी ने इस स्टेशन पर आकर इसका शुभारंभ किया था। वहीं अभी कुछ समय पहले ही भोपाल के पास स्थित निशातपुरा स्टेशन का नाम भी बीजेपी के वरिष्ठ नेता कैलाश सारंग के नाम पर कर दिया गया इसके साथ ही ईदगाह हिल्स को गुरुनानक टेकरी और इस्लामनगर का नाम भी बदलकर जगदीशपुर किया जा चुका है।

### मनोज मुंतशिर और राम भद्राचार्य कर चुके हैं मांग

पद्मभूषण से सम्मानित आचार्य रामभद्राचार्य और गीतकार मनोज मुंतशिर शुक्ला भी सार्वजनिक मंचों से भोपाल का नाम बदलकर भोजपाल करने की मांग उठा चुके हैं। गीतकार मनोज मुंतशिर शुक्ला ने भोपाल गौरव दिवस पर मोतीलाल नेहरू स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम में तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के सामने कहा था कि अगर शिव के राज में भोपाल का नाम बदलकर भोजपाल नहीं होगा, तो फिर कब किया जाएगा।

# सघन टीबी मुक्त अभियान शुरू, मरीजों की जांच व इलाज होगा

## 2030 तक टीबी मुक्त करने का लिया संकल्प

पीपुल्स संवाददाता • भोपाल
मो.नं. 9827363130

राजधानी सहित प्रदेश को टीबी मुक्त करने के लिए रविवार से सघन टीबी की शुरुआत की गई। इस दौरान उच्च जोखिम वाले मरीजों की स्क्रीनिंग, जांच के बाद उपचार किया जाएगा। अभियान में मधुमेह के मरीजों, कुपोषित, धूम्रपान करने वाले, शराब सेवन करने वाले, पूर्व टीबी मरीज, संपर्क व्यक्ति और एचआईवी संक्रमित व्यक्तियों को लक्षित किया जा रहा है। लक्षण वाले मरीजों में नॉट एवं एक्स-रे जैसी आधुनिक तकनीकों से जांच की जाएगी। मालूम हो कि भारत को 2030 तक टीबी उन्मूलन किया जाना है। अभियान के माध्यम से टीबी दर में 80 फीसदी कमी (43 प्रति लाख), मृत्यु दर में 90 फीसदी कमी लाना है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी भोपाल डॉ. प्रभाकर तिवारी ने बताया कि अभियान के तहत विभिन्न शिविरों का आयोजन प्रमुख सार्वजनिक स्थानों जैसे रेलवे और बस स्टेशनों, आयुष्मान आरोग्य मंदिरों और स्वास्थ्य केंद्रों पर किया जाएगा। नि-क्षय शिविरों का आयोजन कारखानों, उद्योगों, ईंट भट्टों आदि पर किया जाएगा, ताकि श्रमिक वर्ग और अन्य संवेदनशील वर्गों तक इस अभियान का लाभ पहुंच सके।

## पीपुल्स समाचार ने उठाया था मुद्दा, प्राधिकरण में पहुंची थी शिकायत

# बड़ी झील कैचमेंट में कट रहीं कॉलोनियां | भोज वेटलैंड प्राधिकरण ने नगर निगम से मांगा जवाब

पीपुल्स संवाददाता • भोपाल
मो.नं. 9300697983

रामसर साइट बड़ी झील के कैचमेंट ही नहीं फुलटैंक लेवल (एफटीएल) के अंदर हो रहे कब्जों और अवैध निर्माण को लेकर राज्य भोट वेटलैंड प्राधिकरण ने नगर निगम से जवाब तलब किया है। प्राधिकरण ने बड़ी झील के भोज वेटलैंड और रामसर साइट होने और यहां वेटलैंड नियम 2017 लागू होने का हवाला देते हुए नगर निगम को बाकायदा पत्र लिख जल्द जवाब देने को कहा है। हालांकि ये वेटलैंड का पहला पत्र नहीं है, इससे पहले निगम को सैर सपाटा पर बन रही चौपाटी को लेकर भी जवाब मांगा जा चुका है।

बता दें कि पीपुल्स समाचार ने 22 जनवरी को सिमटती भोपाल की बड़ी झील शीर्षक से समाचार प्रकाशित किया था। इसमें ड्रोन फोटो ग्राफ, सबूतों और तथ्यों के साथ बताया गया था कि किस तरह झील की दलदली जमीन पर कोपरा डालकर उसे समतल ठोस जमीन में बदला जा रहा है। इससे झील के वैटलैंड सहित जैव विविधता को खतरा पैदा हो गया है।

इस खबर को आधार बना एन्वायरमेंट एक्टीविस्ट प्रदीप खंडेलवाल ने भोज वेटलैंड प्राधिकरण से शिकायत की थी। इसी शिकायत के आधार पर वेटलैंड अथॉरिटी ने नगर निगम ने पिछले महीने पत्र लिख जवाब तलब किया है।




पीपुल्स समाचार ने 22 जनवरी को सिमटती भोपाल की बड़ी झील शीर्षक से समाचार प्रकाशित किया था।

### झील से 5-7 फीट दूर दायरे में हो रहे निर्माण

बता दें कि इस मामले में शिकायत की सच्चाई जानने **पीपुल्स समाचार** मौके पर पहुंचा था। ड्रोन से इलाके का एरियल व्यू लिया, तो हालात ज्यादा खराब मिले। जहां निर्माण किया गया है, वहां से झील का पानी महज 15 फीट दूर है और कुछ जगहों पर 5-7 फीट दूर ही है। यह निर्माण झील का एफटीएल बताने के लिए सड़क किनारे लगाई गई मुनारों (मार्किंग पाइंट) से 300 मीटर अंदर है।

### 30 सालों में 25 फीसदी से ज्यादा सिकुड़ गई झील

बड़ी झील छोटी होती जा रही है। भैंसाखेड़ी से लेकर कमला पार्क होते हुए भदभदा तक फैली झील का दायरा घटता जा रहा है। पिछले 30 सालों की सैटेलाइट इमेज की तुलनात्मक स्टडी से साफ पता चलता है कि झील के दायरे में 25.6 फीसदी की कमी आई है।

### सरकारी रिकॉर्ड और सैटेलाइट इमेज में अंतर

सरकारी रिकॉर्ड के अनुसार बड़ी झील का एरिया 36 वर्ग किमी है और कैचमेंट इससे दस गुना से भी अधिक यानी 361 वर्ग किमी है, साल 1990-91 तक बड़ी झील के कैचमेंट ही नहीं बल्कि आसपास के पूरे इलाके में खेती होती थी। साल 2000 के आसपास बैरागढ़ क्षेत्र में झील के आसपास निर्माण शुरू हुए। उस समय बिशनखेड़ी क्षेत्र में गिने-चुने फार्म हाउस हुआ करते थे।

# गहने लेकर गायब लड़की को ढूंढ़ने में देरी होने पर अरेरा हिल्स थाने को घेरा

## आरोपी युवक पूर्व में 4 लड़कियों के परिवारों को कर चुका है ब्लैकमेल

पीपुल्स संवाददाता • भोपाल
मो.नं. 9425493055

22 लाख के गहने लेकर कथित प्रेमी के साथ गायब हुई वल्लभ नगर की लड़की को ढूंढ़ने में हो रही देरी के खिलाफ परिजनों सहित सैकड़ों मोहल्लेवासियों ने थाना अरेरा हिल्स का घेराव कर दिया। नाराज परिजनों ने आरोप लगाया कि उनके साथ गई पुलिस टीम ने आरोपी युवक को पकड़ लिया था, लेकिन बिना लड़की और गहनों को बरामद किए गुपचुप छोड़ दिया। परिजनों का कहना है कि आरोपी युवक पूर्व में चार लड़कियों को इसी तरह भगा ले गया था, जिनको बाद में परिवारों से लाखों रुपए वसूली के बाद छोड़ गया।

दरअसल राज्य मंत्रालय के सामने स्थित वल्लभ नगर में रहने वाले पटेल परिवार की 20 वर्षीय बेटी बीते 29 मई की रात से गायब है, जो कि अपने साथ 22 लाख रुपए के गहनों के अलावा नकदी और कपड़े आदि ले गई है। विधवा मां ने इसकी एफआईआर थाना अरेरा हिल्स में दर्ज कराई है, जिस पर गुमशुदगी कायम की गई है। इसके बाद परिवार ने खोजबीन की तो पता चला कि मोहल्ले का ही एक लड़का बहला फुसलाकर भगा ले गया है। परिजन ने तत्काल सूचना दी, जिस पर पुलिस टीम पहुंची और संदिग्ध युवक को उसके ही घर में पकड़ लिया।

इसके बाद कुछ देर अकेले में बात करके युवक को छोड़ दिया, जिसके बाद से वह गायब है। इससे नाराज परिजन और मोहल्लेवालों ने थाना अरेरा हिल्स का घेराव करके थाने के गेट के सामने धरना दे दिया। परिजनों ने मामले में जल्द से जल्द कार्रवाई करने की मांग की है।


अरेरा हिल्स थाने का घेराव करते लोग।

### जहां पर बेटी, वहां का पता बताया पर पुलिस नहीं गई

इस मौके पर गायब लड़की की विधवा मां ने रोते हुए बताया कि बेटी को जहां छिपाया गया है, वहां का पता तक बताया गया, लेकिन पुलिस कुछ नहीं कर रही है। मां ने यह खुलासा भी किया कि आरोपी युवक इसके पहले भी वल्लभ नगर और सूरज नगर से चार लड़कियों को बहला-फुसलाकर भगा ले जा चुका है, जोकि लड़कियों से उनके गहने और उनके परिवारों को ब्लैकमेल करके लाखों रुपए वसूलने के बाद लड़कियों को छोड़ जाता है।

# तेज रफ्तार कार ने 3 दोस्तों को टक्कर मारी, एक गंभीर

## शुक्रवार को हादसा, रविवार को शिकायत

पीपुल्स संवाददाता • भोपाल
editor@peoplessamachar.co.in

न्यू मार्केट क्षेत्र में पंचानन बिल्डिंग के पास सड़क किनारे नाश्ता कर रहे तीन दोस्तों को तेज रफ्तार कार टक्कर मार दी। हादसे में घायल एक युवक की हालत गंभीर बताई जा रही है।

जानकारी के अनुसार हादसे में सुरेंद्र मालवीय 27 साल की हालत गंभीर बताई जा रही थी। जबकि अमित चौहान और अनिल दाड़गे को भी हाथ-पैर में गंभीर चोटें आई हैं। तीनों को इलाज के लिए एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना 30 मई की है। रविवार को इसका सीसीटीवी फुटेज सामने आया है। टीटी नगर पुलिस ने बताया कि हादसा शुक्रवार सुबह करीब 3.39 बजे का है। युवक सड़क किनारे खड़े होकर नाश्ता कर रहे थे, तभी रॉन्ग साइड से तेज रफ्तार में आ रही कार चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए तीनों को जोरदार टक्कर मार दी। सुरेंद्र के पैर पर कार चढ़ गई, जिससे उसकी हालत गंभीर हो गई। शुरुआती जांच में पता चला है कि कार में तीन से चार युवक सवार थे, जो नशे में धुत थे। हादसे के बाद सभी आरोपी वाहन समेत मौके से फरार हो गए। पुलिस को घटनास्थल के पास लगे एक सीसीटीवी कैमरे से फुटेज हाथ लगी है, जिसमें पूरी वारदात कैद हुई है। दुर्घटना में घायल अमित चौहान न्यू मार्केट में कपड़े का स्टॉल लगाता है। अनिल दाड़गे और सुरेंद्र मालवीय उसके पुराने दोस्त हैं।

# लंबित मांगों को लेकर आंदोलन करेंगे पेंशनर्स



**भोपाल।** लंबित मांगों के निराकरण के लिए पेंशनर्स आंदोलन करेंगे। इस बारे में रविवार को पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन की बैठक में निर्णय लिया गया। बैठक को एसोसिएशन के सरंक्षक गणेशदत्त जोशी, अध्यक्ष आमोद सक्सेना, भोपाल जिलाध्यक्ष सुरेश शर्मा ने संबोधित किया। जोशी ने आरोप लगाया कि शासन प्रदेश के पेंशनरों के प्रति असंवेदनशील व्यवहार कर रही है, जिससे पेंशनर आर्थिक कठिनाइयों में जी रहे हैं। सुरेश शर्मा ने मांगे नहीं मानने पर आंदोलन की चेतावनी दी। बैठक में सुरेंद्र शुक्ला, प्रमोद सिंगल, सर्वेश तिवारी, हरेंद्र तिवारी आदि उपस्थित थे।

पीपुल्स समाचार


अनुसूची I
फार्म ए
सार्वजनिक घोषणा
[भारतीय दिवाला और शोधन अक्षमता बोर्ड (स्वैच्छिक परिसमापन) विनियम, 2017 का विनियम 14]

**गार्विसाई प्राइवेट लिमिटेड के हितधारकों के ध्यानार्थ**

| RELEVANT PARTICULARS | | |
|---|---|---|
| 1. | कॉर्पोरेट व्यक्ति का नाम | गरविसई प्राइवेट लिमिटेड |
| 2. | कॉर्पोरेट व्यक्ति के निगमन की तिथि | 25/06/2021 |
| 3. | प्राधिकरण जिसके अंतर्गत कॉर्पोरेट व्यक्ति निगमित/पंजीकृत है | कंपनीज रजिस्ट्रार, ग्वालियर |
| 4. | कॉर्पोरेट व्यक्ति की कॉर्पोरेट पहचान संख्या | U72900MP2021PTC056432 |
| 5. | कॉर्पोरेट व्यक्ति के पंजीकृत कार्यालय और मुख्य कार्यालय (यदि कोई हो) का पता | 376, लोकमान्य नगर, केसर बाग रोड, इन्दौर जी.पी.ओ. इंदौर, मध्य प्रदेश इंडिया, 452001 |
| 6. | कॉर्पोरेट व्यक्ति के परिसमापन की आरंभ तिथि | 30/05/2025 |
| 7. | परिसमापक का नाम, पता, ईमेल पता, टेलीफोन नंबर और पंजीकरण संख्या | भारत रमाकांत उपाध्याय पंजी.नं. IBBI/IPA-002/IP-N00120/2017-18/10289 पता : 507, पांचवी मंजिल, सी2 विंग, स्कायलाईन वेल्थ स्पेस, स्कायलाईन ओएसिस कॉम्प्लेक्स, प्रीमियर रोड, विद्या विहार स्टेशन के पास, घाटकोपर-वेस्ट, मुम्बई-400086 फोन नं. : 9833284483 ईमेल आईडी आईबीबीआई के साथ रजिस्टर्ड **brupadhyay@hotmail.com** दावे इस पर भेजे जाने हैं **Email Id: brupadhyay.irp@gmail.com** |
| 8. | दावा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | 29/06/2025 |

इसके द्वारा यह सूचित किया जाता है कि गर्विसाई प्राइवेट लिमिटेड ने 30 मई, 2025 को स्वैच्छिक परिसमापन शुरू कर दिया है।
गर्विसाई प्राइवेट लिमिटेड के हितधारकों से अनुरोध है कि वे 29 जून, 2025 को या उससे पहले मद 7 के सामने उल्लिखित पते पर परिसमापक को अपने दावों का प्रमाण प्रस्तुत करें।
वित्तीय लेनदार केवल इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से अपने दावों का प्रमाण प्रस्तुत करेंगे। अन्य सभी हितधारक व्यक्तिगत रूप से, डाक द्वारा या इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से दावों का प्रमाण प्रस्तुत कर सकते हैं। दावे के झूठे या भ्रामक प्रमाण प्रस्तुत करने पर दंड लगाया जाएगा।
भारत रमाकांत उपाध्याय
दिनांक : 31.05.2025
स्थान : मुम्बई


## फायर ऑडिट: 12 दिनों में 100 से ज्यादा इमारतों की जांच, 30 फीसदी में फायर सेफ्टी के इंतजाम नहीं

# 10 मंजिला इमारतों में टीम जांच रही फायर सेफ्टी के बंदोबस्त

पीपुल्स संवाददाता • भोपाल
मो.नं. 9300697983

राजधानी में एक बार फिर बहुमंजिला इमारतों में फायर सेफ्टी बंदोबस्त की जांच शुरू हुई है।

नगर निगम फायर ब्रिगेड ने पहली किस्त में लगभग आठ से दस मंजिला यानी लगभग 100 फीट ऊंची इमारतों फायर सेफ्टी सिस्टम की जांच शुरू की है। अब तक 100 से ज्यादा इमारतों की जांच की भी जा चुकी है। इनमें से 30 फीसदी बिल्डिंग्स ऐसी मिली हैं, जिनमें फायर सेफ्टी सिस्टम खराब या बंद नहीं मिले, बल्कि यहां फायर सेफ्टी सिस्टम लगाए ही नहीं गए थे। इन इमारतों के मालिकों को नोटिस देने की तैयारी की गई है।

बता दें कि फायर सेफ्टी ऑडिट के दौरान फायर टीम बहुमंजिला इमारतों की जांच में देख रही है कि यहां फायर सेफ्टी एक्यूपमेंट (उपकरण) लगाए गए हैं या नहीं। जो उपकरण लगे हैं वह चालू हैं या नहीं और उनकी क्वालिटी कैसी है। वह आईएसआई प्रमाणित हैं या नहीं। टीम फायर सेफ्टी सिस्टम है या नहीं या किस हाल में है सभी का डेटा एक निर्धारित फार्मेट में इकट्ठा कर रही है। शहर में 19 मई से फायर ऑडिट शुरू किया गया है।


आग जलाकर जांच करती टीम।

### ऊंची इमारतों पर फोकस

अधिकारियों का कहना है कि सर्वे टीम का फोकस बहुमंजिला इमारतों पर है, क्योंकि इन इमारतों में आग लगने की स्थिति में बचाव कार्य चुनौतीपूर्ण होता है। हालांकि इस तरह की जांचें होती रहनी चाहिए ताकि लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

### निजी अस्पतालों में भी जांच

सर्वे के दौरान शहर के निजी अस्पतालों में लगे फायर सेफ्टी सिस्टम की भी जांच की जा रही है । ज्ञात हो कि पूर्व में कमला नेहरू अस्पताल में अग्नि हादसा हुआ था। उस दौरान 12 बच्चों की मौत हो गई थी। उसके बाद से निगम सतर्कता बरत रहा है।

### हर जोन में अलग टीम

गौरतलब है कि शहर के 21 जोनों में अलग-अलग टीमों को फायर ऑडिट की जिम्मेदारी दी गई है। लिहाजा सब फायर ऑफीसर्स की अगुवाई में 11 फायर स्टेशनों की टीमें बहुमंजिला इमारतों में फायर सेफ्टी बंदोबस्तों की जांच कर रही हैं।

### गड़बड़ी पर नोटिस देंगे

बहुमंजिला इमारतों में फायर ऑडिट के तहत फायर सेफ्टी इंतजामों की जांच की जा रही है। अब तक 100 से ज्यादा इमारतों की जांच हो चुकी है। जिन इमारतों में फायर सेफ्टी उपकरण गड़बड़ हैं या नहीं लगे हैं उन्हें नोटिस जारी किया जाएगा।
**सौरभ पटेल**, फायर ऑफीसर


**कार्यालय कार्यपालन यंत्री,**
**लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय खण्ड बैतूल (म.प्र.)**

दूरभाष (07141) कार्यालय 238320, Email - eephedbet@mp.nic.in
क्रमांक 1377 / लेखा/का.यं. / लोस्वायांवि. खंड — बैतूल, दिनांक 27.05.2025

:: निविदा आमंत्रण सूचना ::

निम्नलिखित कार्य की निविदाएं ई-टेण्डरिंग पद्धति से पोर्टल https://mptenders.gov.in बैतूल जिले के विकासखंड आमला के विभिन्न ग्रामों / बसाहटों में 200 मि.मी. व्यास 300 मीटर गहरे 30 नग नलकूप खनन कार्य हेतु निविदा, प्रतिशत दर पर दिनांक 01.09.2023 से प्रभावशील एस.ओ.आर. पर निम्नानुसार आमंत्रित की जाती हैं :-

| स. क्र. | निविदा सूचना क्रमांक व दिनांक | ऑनलाईन ई-टेण्डर आई.डी. | विकासखंड | नलकूप की संख्या | निविदा की अनुमानित लागत (रू. लाख में) | धरोहर राशि (रू. में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू. में) | कार्यपूर्ण करने की समयावधि | ठेकेदार की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 12/2025-26/ Dt. 27.05.2025 | 2025_PHED_425628_1 | आमला | 30 | 82.56 | 82560 | 10000 | 03 माह वर्षाकाल छोड़कर | नवीन केन्द्रीयकृत पंजीयन प्रणाली |

ऑनलाईन निविदा विक्रय की प्रारम्भिक तिथि व समय : 27.05.2025 11.00 बजे से
ऑनलाईन निविदा दर डालने की अंतिम तिथि व समय : 10.06.2025 17.30 बजे तक
ऑनलाईन निविदा खोलने संभावित तिथि व समय : 12.06.2025 11.00 बजे से

निविदा फार्म ऊपर दर्शित वेबसाईट पर (Online System) ऑनलाईन भुगतान कर ही क्रय किये जा सकते हैं। आवश्यक होने पर निविदा से संबंधित समस्त शुद्धिपत्र उपरोक्त वेबसाईट पर जारी किये जायेंगे।

जी-13677 / 25 — ''बच्चों की मुस्कान है अनमोल, इसे सुरक्षित रखें हर हाल''

कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड बैतूल (म.प्र.)


https://epapers.peoplessamachar.in/epaper/edition/18388/bhopal-city/page/3 1/1